न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी (राजस्व) नोहर

पीठासीन अधिकारी का नाम : सुश्री. श्वेता कोचर (आर०ए०एस०)

वाद सं० : 749 सन 2019

अनवान :–

1. सुभाष पुत्र जगदीश जाति जाट निवासी चक 9 केएनएन तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
2. महेन्द्र कुमार पुत्र बृजलाल जाति जाट निवासी चक 9 केएनएन तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।

वादी

बनाम

1. जगदीश पुत्र नन्दराम जाति जाट निवासी चक 9 केएनएन तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
2. मोहनी पुत्री नन्दराम जाति जाट निवासी चक 9 केएनएन तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
3. सिलोचना उर्फ सुलोचना पुत्री नन्दराम जाति जाट निवासी चक 9 केएनएन तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
4. रेशमा पुत्री बृजलाल जाति जाट निवासी चक 9 केएनएन तहसील नोहर।
5. विकास पुत्र बृजलाल जाति जाट निवासी चक 9 केएनएन तहसील नोहर।
6. राजबाला पुत्री कमला पुत्री नन्दराम जाति जाट निवासी चक 9 केएनएन तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
7. सुनील पुत्र कमला पुत्री नन्दराम जाति जाट निवासी चक 9 केएनएन तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
8. गिरदावरी पत्नि नन्दराम जाति जाट निवासी चक 9 केएनएन तहसील नोहर
9. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ।

प्रतिवादीगण

राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 88

उपस्थित : श्री नरेन्द्र किशोर जोशी अधिवक्ता वादी
पेरोकार राज

निर्णय दिनांक :– 10/07/2020

सक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि वादी ने जरिये अधिवक्ता यह वाद अन्तर्गत राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 88 के तहत इस आशय का पेश किया गया की रोही मौजा चक 9 केएनएन के खाता संख्या 39/40 के प०न० 331/383 (33) के किला न0 4/0.2150 ,5/0.18975 ,6/0.2277 ,7 ,14/0.506 ,15/0.2277 ,प०न० 332/383(34) के किला न0 1/0.2150 ,6/0.2150 ,7/0.253 ,8/0.228 ,8/1 की 0.0250 ,9 ता 14/1.518 ,15/0.2150 ,16/0.2150 ,17 ता 24/2.0240 ,25/0.2150 ,प०न० 333/383(35) के किला न0 9 ता 12 ,19 ता 22/2.024हैक्ट प०न० 332/384(41) के किला न0 1/2 की 0.2277 ,2/2 की 0.2277 ,3/2 की 0.2277 ,4/2 की 0.2277 ,5/2 की 0.2277 ,3/2 की 0.2277 ,4/2 की 0.2277 ,5/2 की 0.2277 ,6 ता 15 की 2.530हैक्ट प०न० 0 मु०न० 73/17 के किला न0 0/0.1265 ,गै०मु० खाला मु०न० 76/8 के किला न0 0 की 0.2150 ,गै०मु० रास्ता मु०न० 76/10 के किला न0 0 की 0.0506हैक्ट गै.मु. रास्ता केल 12.5741हैक्ट भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में वादी के पिता प्रतिवादी संख्या 1 के नाम से सयुक्त तौर 1/2 हिस्सा भूमि दर्ज है। तथा रोही मौजा चक 9 केएनएन के खाता संख्या 40/39 के प०न० 330/385(44) के किला न0 4/2 की 0.227 ,5/2 की 0.2277 ,6 ,7/0.506 ,14, 15/0.506 ,प०न० 0 मु०न० 73/18 के किला न0 0 की 0.0510हैक्ट गै०मु० खाला कुल 1.5184हैक्ट भूमि जिसमें वादी के पिता प्रतिवादी संख्या 1 के नाम से सयुक्त तौर से 1/2 हिस्सा दर्ज है व रोही मौजा चक 10 केएनएन के खाता संख्या 38/30 के प०न० 330/384(32) के किला न0 16 ,17 ,24, 25/1.

उप ... अधिकारी (राजस्व)
नोहर (हनुमानगढ)

Scanned with CamScanner

0120हैक्ट जिसमें वादी के पिता प्रतिवादी संख्या 1 के नाम सयुक्त तौर से 1/2 हिस्सा दर्ज है।

उक्त भूमि पूर्व में वादी के दादा नन्दराम पुत्र हरीराम के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज थी वादी के दादा नन्दराम पुत्र हरीराम के देहान्त होने पर वाद विरासतन से वाद भूमि उनकी पत्नि प्रतिवादी संख्या 8, पुत्र प्रतिवादी संख्या 1 पुत्री प्रतिवादी संख्या 2 ,3 व नन्दराम की मृतक पुत्र बृजलाला के वारिस वादी संख्या 1 प्रतिवादी संख्या 4 ,5 एवं नन्दराम की मृतक पुत्री कमला के वारिस प्रतिवादी संख्या 6 ,7 के नाम से दर्ज हुई।

वाद भूमि जो प्रतिवादी संख्या 1 ता 8 के नाम से दर्ज है वादी के दादा नन्दराम पुत्र हरिराम के देहान्त होने के बाद विरासतन से राजस्व रिकार्ड में दर्ज हुई है प्रतिवादी संख्या 2 ,3 जो वादीगण की बुआ है प्रतिवादी संख्या 1 की बहन तथा प्रतिवादी संख्या 6 ,7 नन्दराम की मृतक पुत्री कमला के वारीस वादीगण की बहने है प्रतिवादी संख्या 8 मृतक नन्दराम की पत्नि व वादीगण की माता दादी है प्रतिवादी संख्या 2, 3 तथा 6, ता 8 ने अपने हक हिस्सा की भूमि का त्याग वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 , 4 ,5 के पक्ष में किया जा चुका है। इसलिये वाद भूमि वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 , 4 ,5 का बराबर का हक हिस्सा है जिसे राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पाने के अधिकारी है।

वादी ने प्रतिवादी संख्या 1 को कई मर्तबा कहा की वादी के हक हिस्सा की भूमि को उनके नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा देवे तो कुछ दिनों तक तो आज कल आज कल करते रहे किन्तु अन्त में इन्कार हो गये इसलिये यह वाद पेश किया गया है।

अतः वादी का वाद डिक्री किया जाकर घोषणा की जावे की प्रतिवादी संख्या 1 जो वादी का पिता है के नाम से दर्ज भूमि को वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ,4 ,5 बहिब के खातेदार काश्तकार राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पाने के अधिकारी है। वादी का वाद डिक्री फरमाया जावे।

वादी का वाद प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को जरिये सम्मन तलब किया गया प्रतिवादी संख्या 1 ता 8 स्वय न्यायालय में उपस्थित आकर वादी के वाद को स्वीकार करते हुए ईकबाल दावा पेश किया जाकर प्रतिवादी संख्या 1 ने निवेदन किया की उसके नाम से दर्ज भूमि उसके पिता नन्दराम पुत्र हरीराम के देहान्त होने पर विरासतन से प्राप्त हुई है जिसमें वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 8 का बराबर का हक हिस्सा है तथा प्रतिवादी संख्या 2 ,3 तथा 6 ता 8 ,जो वादी की बहन /बुआ /दादी ने निवेदन किया की उन्होने अपने हक हिस्सा की भूमि को अपने भाईयों/पिता वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ,4 ,5 के पक्ष में त्याग किया जा चुका है इसलिये वाद भूमि वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ,4 ,5 के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज की जाती है तो किसी प्रकार का ऐतराज नही है व अपने कथनों के समर्थन में ईकबाला दावा पेश किया गया। ईकबाल दावा तस्दीक किया जाकर शामिल मिसल किया एवं प्रतिवादी संख्या 9 पेरोकार राज ने जबाब पेश किया की वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुतों के आधार पर राज्य हकों को सुरक्षित रखते हुए निस्तारण किया जाता है तो कोई ऐतराज नही है जबाब शामिल मिसल किया गया।

प्रकरण में प्रतिवादीगण का ईकबाल प्रस्तुत होने के कारण तनकी की आवश्यकता नही रही साक्ष्य में वादी ने अपना शपथ पत्र पेश किया जिस पर प्रतिवादीगण के द्वारा जिरह नही करने के कारण जिरह शुन्य रही तत्पष्चात उभयपक्षों की बहस सुनी गई।

वकील वादी के अधिवक्ता ने अपनी बहस में अपने वाद में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए निवेदन किया की रोही मौजा चक 9 केएनएन के खाता संख्या 39/40 की कुल 12.5741हैक्ट चक 9 केएनएन के खाता संख्या 40/39 की कुल 1.5184हैक्ट , रोही मौजा चक 10 केएनएन के खाता संख्या 38/30 की कुल 1.0120हैक्ट भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में प्रतिवादी संख्या 1 ता 8 व वादीगण के नाम से दर्ज है

उक्त भूमि पूर्व में वादी के दादा नन्दराम पुत्र हरीराम के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज थी वादी के दादा नन्दराम पुत्र हरीराम का देहान्त होने पर वाद भूमि उनके वारिसान के नाम से दर्ज हुई।

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
नोहर (हनुमानगढ़)

Scanned with CamScanner

वाद भूमि जो वर्तमान में प्रतिवादी संख्या 1 जो वादी के पिता है के नाम से दर्ज है वादी के दादा नन्दराम पुत्र हरीराम के देहान्त होने के बाद विरास्तन से राजस्व रिकार्ड में दर्ज हुई है जिसके कारण पैतृक सम्पति है जिसमें वादीगण एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 8 का प्रतिवादी संख्या 1 के साथ बराबर का हक हिस्सा राजस्व रिकार्ड में दर्ज है।

प्रतिवादी संख्या 2, 3 व 6 ता 8 वादी की बहने/बुआ/दादी है प्रतिवादी संख्या 2 ,3 6 ता 8 ने निवेदन किया की उन्होने अपने हक हिस्सा की भूमि का त्याग वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ,4 ,5 के पक्ष में किया जा चुका है। इसलिये वाद भूमि वादीगण एवं प्रतिवादी संख्या 1 ,4 ,5 का बराबर का हक हिस्सा है जिसे राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पाने के अधिकारी है।

वादी के वाद को प्रतिवादी संख्या 1 ता 8 ने स्वीकार किया जाकर ईकबाल पेश किया जा चुका है अर्थात वादी के वाद के सम्बध में कोई ऐतराज नही है वादी अपने कथनों के सम्बध में न्यायायिक दृष्टान्त आर.बी.जे. 1998 पेज 615 एवं आरआरडी वर्ष 1998 पेज 646 प्रस्तुत कर निवेदन किया की कोई भी खातेदार काश्तकार आपसी सहमति /राजीनामा के आधार पर अपने हकों को स्थानान्तरण कर सकता है अतः वादी का वाद डिक्री फरमाया जावे।

पेरोकार राज ने निवेदन किया की वादी ने दादालाई/पैतृक सम्पति का वाद पेश किया है वादी के साक्ष्य सबुतों के आधार पर राज्यहकों को सुरक्षित रखते हुए वाद का निस्तारण फरमावे।

हमने उभयपक्षो की बहस सुनी पत्रावली का अवलोकन किया प्रस्तुत रिकार्ड के अनुसार की रोही मौजा चक 9 केएनएन के खाता संख्या 39/40 की कुल 12.5741हैक चक 9 केएनएन के खाता संख्या 40/39 की कुल 1.5184हैक , रोही मौजा चक 10 केएनएन के खाता संख्या 38/30 की कुल 1.0120हैक भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में प्रतिवादी संख्या 1 ता 8 व वादीगण के नाम से दर्ज है।

जमाबन्दी सम्वत 2074 के अनुसार वाद भूमि नन्दराम पुत्र हरीराम के नाम से दर्ज थी अर्थात वाद भूमि पूर्व में वादी के दादा नन्दराम पुत्र हरीराम के नाम से दर्ज है वादी के दादा नन्दराम पुत्र हरीराम के देहान्त होने के वाद विरास्तन से वाद भूमि वादीगण व प्रतिवादी संख्या 1 ता 8 के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज हुई है विरास्तन से भूमि वादीगण व प्रतिवादी संख्याा 1 ता 8 के नाम से दर्ज होने के कारण पैतृक सम्पति होना साबित है। हिन्दु उतराधिकार अधिनियम की धारा 6 ,8 के अनुसार पैतृक सम्पति में वादी का हक हिस्सा है अर्थात दादा की सम्पति में पौते/पौतियों को बराबर का हक हिस्सा होगा। अर्थात वाद भूमि में वादी व प्रतिवादी संख्या 1 ता 8 बहिब के हकदार है।

वादी का कथन है कि प्रतिवादी संख्या ,2 ,3 व 6 ता 8 जो वादी की बहने/बुआ/दादी है ने अपने हक हिस्सा की भूमि का त्याग वादीगण व प्रतिवादी संख्या 1 ,4 ,5 के पक्ष में किया हुआ है वादी के कथनों को प्रतिवादी संख्या ,2 ,3 व 6 ता 8 स्वय न्यायालय में उपस्थित होकर वादी के वाद को स्वीकार किया जाकर निवेदन किया की उन्होने अपने हक हिस्सा की भूमि का त्याग वादीगण एवं प्रतिवादी संख्या 1 ,4 ,5 के पक्ष में त्याग किया जा चुका है जिन्होने आपसी सहमति से वाहमी बळवारा भी कर लिया है इसलिये वाद भूमि वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ,4 ,5 के नाम उनके वाहमी बटवारा के अनुसार उनके नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज की जाती है तो किसी प्रकार का ऐतराज नही है व अपने कथनों के सामर्थन में ईकबाल भी पेश किया जा चुका है जो तस्दीक किया जाकर शमिल मिसल किया जा चुका है।

वादी के वाद को प्रतिवादीगण के द्वारा स्वीकार करने एवं वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुत एवं न्यायायिक दृष्टान्तों जो प्रकरण पर चस्पा होते है के आधार पर वाद वादी साबित होने के कारण काबिल डिक्री है तथा प्रतिवादी संख्या 2 ,3 ,6 ता 8 ने अपने हकों का त्याग किये जाने के कारण राज्यहकों की सुरक्षा के मध्यनजर स्टाम्प डयूटी कायम की जानी न्यायोचित है।

उपखण्डाधिकारी (राजस्व)
टिब्बी (हनुमानगढ़)

Scanned with CamScanner

अतः वादी के वादी को प्रतिवादी संख्या 1 ता 8 के द्वारा वादी के वाद को स्वीकार करने एवं पेरोकार राज का किसी प्रकार का ऐजराज नही होने एवं वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुतो एवं न्यायायिक दृष्टान्तों के आधार पर वाद वादी सावित होने के कारण डिक्री किया जाकर धोषणा की जाती है कि रोही मौजा चक 9 केएनएन के खाता संख्या 39/40 की कुल 12.5741हैक चक 9 केएनएन के खाता संख्या 40/39 की कुल 1.5184हैक , रोही मौजा चक 10 केएनएन के खाता संख्या 38/30 की कुल 1.0120हैक भूमि में वादी सख्या 1 व प्रतिवादी संख्या 1 बहिब 1/4 हिस्सा एवं वादी संख्या 2 व प्रतिवादी संख्या 4 ,5 तीनों बहिब 1/4 हिस्सा के खातेदार काश्तकार धोषित किया जाता है इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करने हेतु ईजराय प्रार्थना पत्र के सलग्न 5000/– रू स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावे। यदि भूमि बैक के रहन हो तो वाद रहनगुक्त राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जावे व्यय वाद उभयपक्ष अपना अपना वहन करेगें। इसी आश्य की पर्चा डिक्री जारी की जाकर शामिल मिसल की गई पत्रावली नम्बर से कम की जाकर बाद तरतीब तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो ।

निर्णय आज दिनांक 10/7/2020 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर बसरे ईजलास में सुनाया गया ।

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
नोहर (हनुमानगढ)

Scanned with CamScanner

पर्चा डिक्री

(आर्डर 20, रूल 6–7 जाब्ता दिवानी)

न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी नोहर

अनवान :–

1. सुभाष पुत्र जगदीश जाति जाट निवासी चक 9 केएनएन तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
2. महेन्द्र कुमार पुत्र बृजलाल जाति जाट निवासी चक 9 केएनएन तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।

वा
दी

बनाम

1. जगदीश पुत्र नन्दराम जाति जाट निवासी चक 9 केएनएन तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
2. मोहनी पुत्री नन्दराम जाति जाट निवासी चक 9 केएनएन तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
3. सिलोचना उर्फ सुलोचना पुत्री नन्दराम जाति जाट निवासी चक 9 केएनएन तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
4. रेशमा पुत्री बृजलाल जाति जाट निवासी चक 9 केएनएन तहसील नोहर।
5. विकास पुत्र बृजलाल जाति जाट निवासी चक 9 केएनएन तहसील नोहर।
6. राजबाला पुत्री कमला पुत्री नन्दराम जाति जाट निवासी चक 9 केएनएन तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
7. सुनील पुत्र कमला पुत्री नन्दराम जाति जाट निवासी चक 9 केएनएन तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
8. गिरदावरी पत्नि नन्दराम जाति जाट निवासी चक 9 केएनएन तहसील नोहर
9. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ।

प्रतिवादीगण

वाद अन्तर्गत धारा 88, राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955

राजस्व वाद संख्या 749 सन 2019 निर्णय दिनांक– 10/07/2020

आज यह वाद मुझ श्वेता कोचर उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) नोहर के समक्ष अधिवक्ता वादी एवं पेरोकार राज की उपस्थिति में अंतिम निपटारे/ निर्णय हेतु प्रस्तुत होने पर वाद वादी साक्ष्य सबुतो एवं प्रतिवादीगण की सहमति के आधार पर साबित होने के कारण वाद वादी डिक्री किया जाकर धोषणा की जाती है कि रोही मौजा चक 9 केएनएन के खाता संख्या 39/40 की कुल 12.5741हैक चक 9 केएनएन के खाता संख्या 40/39 की कुल 1.5184हैक , रोही मौजा चक 10 केएनएन के खाता संख्या 38/30 की कुल 1.0120हैक भूमि में वादी सख्या 1 व प्रतिवादी संख्या 1 बहिब 1/4 हिस्सा एवं वादी संख्या 2 व प्रतिवादी संख्या 4 ,5 तीनों बहिब 1/4 हिस्सा के खातेदार काश्तकार धोषित किया जाता है इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करने हेतु ईजराय प्रार्थना पत्र के सलग्न 5000/– रू स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावे। यदि भूमि बैक के रहन हो तो बाद रहनमुक्त राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जावे व्यय वाद उभयपक्ष अपना अपना वहन करेगे। व्यय वाद उभयपक्ष अपना अपना वहन करेगे।

पर्चा डिक्री आज दिनांक 10/7/20 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मुद्रा से जारी की गई ।

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
नोहर (हनुमानगढ)

Scanned with CamScanner